# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग कार्यक्रम

दिनांक 21-06-2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, भारतीय ज्ञान परंपरा, पारंपरिक चिकित्सा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर  के संयुक्त तत्वावधान में "स्वस्थ आयु के लिए योग" विषय पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक अधिकारी, प्राचार्यगण, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारीगण, विद्यार्थी, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स तथा उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संकल्प लिया।

